## खबर संक्षेप

### अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह विसेन का संकल्पः 'सामाजिक न्याय की लड़ाई जारी रहेगी'

**सतना।** अपना दल(एस) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह विसेन ने अपने राजनीतिक सफर और पार्टी के लक्ष्यों को साझा किया। उन्होंने बताया कि 1997 से शुरू हुआ उनका सफर संघर्ष पूर्ण रहा है और आज वह प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य दबे-कुचले और वंचित समाज को हिस्सेदारी दिलाना है। वे जातिगत जनगणना,समान शिक्षा व्यवस्था,और किसानों के लिए पान की खेती को कृषि उद्योग का दर्जा दिलाने जैसे मुद्दों को सड़क से सदन तक उठाएंगे।

स्थानीय रोजगारः विसेन ने सतना के सीमेंट कारखानों में स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने का मुद्दा भी उठाया और इसके लिए संगठन विस्तार कर न्याय दिलाने की बात कही।

### सतना मार्शल आर्ट एकेडमी के 30 खिलाड़ियों ने पास की 'कलर बेल्ट' परीक्षा

**सतना।** जिला ताइक्वांडो संघ की मुख्य शाखा सतना मार्शल आर्ट एकेडमी में 12 वीं कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय रेफरी और सचिव डॉ.संदीप भारती ने खिलाड़ियों को स्टेप्स,किक और ब्लॉक की ट्रेनिंग दी। **सफलताः** कुल 30 खिलाड़ियों ने अपनी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। रेड-1 बेल्ट तक की परीक्षा पास करने वाले खिलाड़ी अब मई में आयोजित होने वाली 'ब्लैक बेल्ट' परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। संघ के अध्यक्ष रविशंकर गौरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### नगर के प्रमुख संस्थानों को 7 दिन के अंदर सेफ्टी इंतजाम करने होंगेः सीएमओ

**मैहर।** मैहर नगर पालिका परिषद के सीएमओ के द्वारा आदेश जारी कर मैहर नगर के सार्वजनिक संस्थानों एवं व्यावसायिक संस्थानों के लिए फायर सेफ्टी के इंतजामों को अनिवार्य कर दिया है वहीं कहा गया है कि जहां भी आग से होने वाली घटनाएं होने का अंदेशा हो वहां पर लापरवाही बरतने वाले संस्थानों को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश होने वाली आग की दुर्घटनाओं को देखते हुए जारी किया गया है। आदेश में बताया गया है कि नगर पालिका परिषद के द्वारा यह नियम नगरीय क्षेत्र में संचालित सभी कामर्शियल संस्थानों पर लागू होगा। इस संस्थानों में प्रमुख रूप से शैक्षणिक संस्थान, होटल,अस्पताल,क्लीनिक,रेस्टोरेंट, बारात घर,पैलेस,औद्योगिक भवन,सभा भवन के साथ भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों पर लागू होगा। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध 7 दिन बाद कार्रवाई शुरू हो जाएगी। नगरीय विकास,आवास विभाग,भोपाल ओर एन.बी.सी. पार्ट -04के मानकों मे तहत जारी इस आदेश में सभी भवन स्वामियों और संचालकों को मात्र 7 दिन का समय दिया गया।

**अमरपाटन,चित्रकूट और रामपुर बाघेलान क्षेत्रों में बीते 24 घंटों के भीतर कई बड़ी घटनाएं**

# अमरपाटन व सतना में सड़क दुर्घटनाओं का कहर, कई घायल





सतना जिले के अमरपाटन,चित्रकूट और रामपुर बाघेलान क्षेत्रों में बीते 24 घंटों के भीतर कई बड़ी घटनाएं सामने आईं। कहीं तेज रफ्तार ने कहर बरपाया,तो कहीं अचानक हुए धमाके ने एक व्यक्ति की जान ले ली। वहीं,प्रशासन ने भी अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

### अमरपाटनः एन एच-30 पर दो भीषण सड़क हादसे, बाल-बाल बचे लोग

**सतना।** अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर दो अलग-अलग दुर्घटनाएं हुईं। नादन टोला के पास भिड़ंत में तेज रफ्तार पिकअप सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप सवार केबिन में ही फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों (नितिन राजपूत और जतिन राजपूत) को बाहर निकाला गया। हाईवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से तीनों घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुंचाया गया।

### पढहा ग्राम के पास हादसा

रैकवार मोड़ पर एक स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर साइन बोर्ड से टकराते हुए डिवाइडर के बीच जा घुसी। हादसे में कार का टायर फट गया,लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। डायल 112 और हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला।

### चित्रकूटः हवा भरने वाली मशीन का कंप्रेसर फटने से पंचर बनाने वाले की मौत

चित्रकूट थाना क्षेत्र के रजौला (वार्ड नंबर 12) में शुक्रवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना हुई। हनुमान मंदिर के पास पंचर की दुकान चलाने वाले रामकिशोर प्रजापति (42 वर्ष) जब एक बाइक में हवा भर रहे थे,तभी अचानक कंप्रेसर मशीन की टंकी जोरदार धमाके के साथ फट गई। धमाका इतना तेज था कि रामकिशोर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार,टंकी में हवा का दबाव अधिक होने के कारण यह विस्फोट हुआ।

### मैहर में अनियंत्रित बाइक गिरने से युवक गंभीर घायल

जिले के अमरपाटन क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार खरामसेड़ा निवासी राजू कोल (25 वर्ष),पिता दिनेश लाल कोल,किसी कार्य से बड़ा टोला गया हुआ था और वहां से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी मोटर साइकिल अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे का बताया जा रहा है। दुर्घटना के बाद युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को उठाया और तत्काल सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुंचाया,जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार युवक को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत गम्भीर है।

प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि बाइक का संतुलन बिगड़ने या सड़क की स्थिति के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है।

## मैहर में आंधी-तूफान का कहर, देर रात तेज आंधी से आम का पेड़ गिरने से दीवार ढही, लाखों का नुकसान, रास्ता बाधित



**मैहर।** जिले के ताला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदवा में बीती रात आए तेज आंधी-तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया। रात करीब साढ़े 10 बजे तेज हवाओं के कारण शशांक मिश्रा,पिता अशोक मिश्रा के घर परिसर में खड़ा एक बड़ा आम का पेड़ अचानक गिर पड़ा। पेड़ गिरने से निर्माणाधीन दीवार पूरी तरह ध्वस्त हो गई और आसपास रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा। जानकारी के अनुसार,अशोक मिश्रा "कुमकुम एक्वा प्लांट" के संचालक हैं। उनके परिसर में बड़ी संख्या में खाली पानी की बोतलें रखी हुई थीं। दीवार गिरने के साथ ही पेड़ उन बोतलों पर आ गिरा,जिससे कई बोतलें दबकर खराब हो गईं। पीड़ित परिवार के अनुसार इस घटना में उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। इस घटना के कारण गांव का रास्ता भी बाधित हो गया है,जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द रास्ता साफ कराने और नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## मैहर में पति पर पत्नी ने लगाए शराब के नशे में मारपीट और जबरन कीटनाशक पिलाने का आरोप, उपचार जारी

**मैहर।** अमरपाटन क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए मारपीट और जबरन कीट नाशक खिलाने का मामला सामने रखा है। पीड़िता आशा लोनी (30वर्ष),निवासी ओबरा अमरपाटन,ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे उसके पति विनय लोनी ने शराब के नशे में उसके साथ मारपीट की और उसे जबरन चिड़िया मारने वाला कीटनाशक खिला दिया। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से आशा लोनी को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल अमरपाटन में भर्ती कराया गया,जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है और लगातार निगरानी की जा रही है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसका पति आए दिन शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता है और उसे प्रताड़ित करता रहा है। फिलहाल पीड़ित का उपचार जारी है।

## मैहर में बेटी की ननद की शादी में शामिल होने गए सीधी की बेलोरो वाहन में युवकों ने की तोड़फोड़

**मैहर।** जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान वाहन तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,फरियादी पप्पू लोनी (47 वर्ष), निवासी ग्राम अमेढिया थाना मझौली जिला सीधी,अपनी पुत्री सविता लोनी की ननद काजल की शादी में शामिल होने परिवार सहित ग्राम भीषमपुर बिरिहिची टोला आए थे। वे अपनी बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी-18-सी-9334 से पहुंचे थे और वाहन को घर के बाहर सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। बताया गया है कि रात करीब 12:30 बजे धनराज लोनी निवासी गुढ़ और संजय लोनी निवासी भीषमपुर बिरिहिची टोला मौके पर पहुंचे। दोनों ने गाड़ी खड़ी करने को लेकर आपत्ति जताते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और गुस्से में आकर वाहन में तोड़फोड़ कर दी। आरोप है कि धनराज लोनी ने डंडे से और संजय लोनी ने पत्थर से हमला कर बोलेरो के सामने का शीशा और बाईं ओर के दोनों दरवाजों के शीशे तोड़ दिए। इस घटना में वाहन मालिक को लगभग 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि इस दौरान किसी के साथ मारपीट नहीं हुई और कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। फरियादी की शिकायत पर अमरपाटन पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चुनाव खत्म, महंगाई शुरू-कमर्शियल गैस की कीमतों में भारी उछाल पर सरकार कटघरे में- रोहित



**सतना।** आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रोहित पाण्डेय ने 1 मई से एलपीजी गैस की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 19 किलो का कमर्शियल गैस सिलेंडर एक झटके में 933 रुपये महंगा होकर 3099 रुपये तक पहुंच जाना और 5 किलो सिलेंडर में 241रुपये की वृद्धि होना यह दर्शाता है कि सरकार की आर्थिक नीतियां आम जनता के हितों के विपरीत जा रही हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि भले ही घरेलू गैस सिलेंडर के दाम स्थिर रखे गए हों,लेकिन यह केवल एक अस्थायी और दिखावटी राहत है। वास्तविकता यह है कि कमर्शियल गैस महंगी होने से होटल, ढाबा,रेस्तरां,छोटे व्यापारी और स्थानीय उद्योग सीधे प्रभावित होंगे,और अंततः इसका बोझ आम उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। यानी यह महंगाई "बैकडोर" से हर घर तक पहुंचेगी। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर यह बढ़ोतरी चुनाव समाप्त होते ही क्यों लागू की गई? क्या सरकार चुनाव के दौरान कीमतों को नियंत्रित रखती है और बाद में जनता पर आर्थिक बोझ डालती है? यदि ऐसा है,तो यह न केवल आर्थिक असंतुलन बल्कि नीति निर्माण में पारदर्शिता की कमी को भी दर्शाता है। रोहित पाण्डेय ने कहा कि यह स्थिति साफ तौर पर बताती है कि सरकार महंगाई नियंत्रण में विफल रही है और "अच्छे दिन" का वादा अब केवल एक जुमला बनकर रह गया है। उन्होंने मांग कि है की केंद्र सरकार गैस मूल्य निर्धारण की पूरी प्रक्रिया को सार्वजनिक करे और लगातार बढ़ रही महंगाई पर ठोस व दीर्घकालिक नियंत्रण के उपाय लागू करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसी तरह आम जनता पर आर्थिक बोझ डाला जाता रहा, तो "सिस्टम फेल" की भावना और गहराती जाएगी

## लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया का सम्मान समारोह आज

सतना। लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया की सतना डिवीजन शाखा के नेतृत्व में सतना मंडल की सभी 12 शाखाओं के ब्राँच पदाधिकारी होटल लाजिज पिज्जा में 02 मई को लियाफी सतना मण्डल के अध्यक्ष सत्य भान तिवारी एवं मुख्य अतिथि पवन कुमार जैन अध्यक्ष म.प्र./छत्तीसगढ़ से सम्मनित होगें।सतना मण्डल के संरक्षक इन्द्रभान शर्मा,कोषाध्यक्ष आर के पटेल एवं सचिव विनोद द्विवेदी उपाध्यक्ष सुशील द्विवेदी ने एक जानकारी में बताया कि मण्डल कि 12 शाखाओं के ब्रांच लियाफी अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।जिन्हें संगठन के हित में श्रेष्ठ योगदान के लिए मुख्य अतिथि श्री जैन के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अभिकर्ताओं के हितार्थ लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशनएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एस शुक्ला द्वारा 14 लाख अभिकर्ताओं के हित में उठाए गए संवैधानिक हित उठाये गये कार्यों की जानकारी मुख्य अतिथि पवन जैन द्वारा दी जाएगी। मैहर ब्राँच लियाफी प्रेसिडेंट श्रीमती निशा शर्मा ने एक जानकारी में बताया कि अमरपाटन, खजुराहो, पन्ना, सतना टीकमगढ़,छतरपुर,रीवा,मऊगंज नगर शाखा क्रमांक 1 एवं 2 एजेंट कैरियर शाखा CAB सतना आमंत्रित हैं।

# तिलौरा पंचायत में हजम की जा रही निर्माण कार्यों की राशि

**पंचायत भवन में राशि निकलने के 8 माह बाद भी आज तक नहीं बना शौचालय**

**मैहर।** जिला मैहर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत में तिलौरा में लाखों रुपयो के निर्माण कराने के लिए स्वीकृति कराकर राशि निकाल ली जाती है मगर सालों हो जाते है उस राशि से निर्माण कार्य नहीं कराए और इस राशि का दुरुपयोग किया जाता है जैसे एजेंसी के द्वारा मटेरियल न देकर राशि की ब्याज खाई जाती है या फिर उसी राशि से व्यापार किया जाता है और उसके बदले में सरपंच और सचिव भी अपना हिस्सा लेकर मौज कर रहे है। उक्त आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने नवागत कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस प्रकार कई मामले तिलौरा पंचायत में देखने को मिल रहे है मगर सीईओ, पंचायत इंस्पेक्टर के द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई न करने से भ्रष्टाचार में लि' सचिव एवं सरपंच का हौसला बढाए हुए है। इस प्रकार के मामलों में तिलौरा पंचायत भवन में बन रहे एक शौचालय भी चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि तिलौरा पंचायत भवन में एक शौचालय बनवाने के लिए 7-7-2025 को एक लाख की लागत से शौचालय बनवाने के लिए स्वीकृति ली गई थी जिसके लिए एक लाख रुपए दिनांक 24-8-26 को शिल्पी ट्रेडर्स के नाम राशि भी निकाल ली गई थी। इस तरह के और कई मामले है जिनकी राशि निकलने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा कि निर्माण कार्य क्यों शुरू नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले इस शौचालय को बनवाने के नाम मात्र की ईटों की जुड़ाई कराकर छोड़ दिया गया था जिसकों आज दिनांक तक पूरा नहीं किया गया है। इस कार्य को आज 8 माह हो मटेरियल एवं मजदूरों के रेट भी बढ़ चुके है तब क्या एक लाख बजट से नियमानुसार शौचायल बन सके गा या फिर घटिया शौचालय बनाकर छोड़ दिया जाएगा जो कुछ दिनों बाद खण्डहर में बदल जाएगा लोग कहते है कि यही मोदी सरकार का विकास है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस शौचालय का पंचायत भवन में बनवाने का कोई औचित्य ही नही है क्यों कि जब से सरपंच सूरज कोल और सचिव विनोद गोटिया ने पद भार संभाला है तब पंयायत भवन कभी कभार ही खुलता है नहीं तो हमेशा ताला ही बंद रहता है।



## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 104 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**सतना।** शहरी क्षेत्र में नगर पालिक निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। स्थानीय व्यंकट क्रमांक-2 विद्यालय मैदान में आयोजित इस समारोह में 104 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ सात फेरे लेकर अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। बारात स्थानीय व्यंकटेश मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकली,जो नगर भ्रमण करते हुए विवाह स्थल पहुंची। कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,महापौर योगेश ताम्रकार,निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,और भाजपा नेता कामता प्रसाद पाण्डेय सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। योजना के तहत नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी की सामग्री,उपहार और आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

## डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के नए शोरूम का शुभारंभ

**सतना।** जयस्तंभ चौक स्थित 'गौरीजेवर वाला' में प्रसिद्ध ज्वेलरी ब्रांड (किस्ना) के आउटलेट का भव्य शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन 'मैं हूं प्रतिज्ञा' फेम अभिनेत्री पूजा गौर ने फीता काटकर किया। **सुविधाएंः** संचालक रविशंकर गौरी ने बताया कि देशभर में 3500 से ज्यादा आउटलेट्स हैं। यहाँ से खरीदी गई ज्वेलरी को किसी भी आउटलेट पर एक्सचेंज किया जा सकेगा। इसके अलावा ग्राहकों को इंश्योरेंस पॉलिसी और ईएम आई की सुविधा भी दी जा रही है।

## बसुधा गेहूं खरीदी केंद्र को स्थानांतरित करने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**सतना।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव प्रभा जिज्जू बागरी ने प्रशासन द्वारा बसुधा गेहूं खरीदी केंद्र को दूसरे स्थान पर शिफ्ट किए जाने पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। खराब मौसम,तेज आंधी और बारिश के कारण खुले में रखा गेहूं खराब होने की कगार पर है। मांगः प्रभा बागरी ने मांग की है कि किसानों की सुविधा के लिए खरीदी केंद्र को तुरंत पुराने स्थान पर बहाल किया जाए और फसल सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं

## मधुकर राष्ट्रोत्कर्ष समिति ने लगाया बृहद स्वास्थ्य शिविर, 250 से अधिक मरीजों का हुआ परीक्षण

**छतरपुर।** मधुकर राष्ट्रोत्कर्ष समिति, छतरपुर द्वारा सागर रोड स्थित राष्ट्रोत्कर्ष भवन में एक बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर.पी. गुप्ता उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गायत्री नामदेव शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शिव सहाय राजपूत ने की।

इस अवसर पर अतिथियों ने समिति द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि आर.पी. गुप्ता ने आश्वासन दिया कि शासन स्तर से समिति को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा तथा ऐसे शिविरों को ग्रामीण क्षेत्रों तक भी आयोजित किया जाएगा।

शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। प्रमुख रूप से डॉ. शरद मिश्रा (मेडिसिन), डॉ. ऋषि द्विवेदी (शिशु रोग), डॉ. गौरव थापक (दंत रोग), डॉ. रितु पाठक (चर्म रोग), डॉ. विकेश असाटी एवं डॉ. मयंक गुप्ता (आयुर्वेद), डॉ. महेश अहिरवार (जिला आयुष अधिकारी), डॉ. विज्ञान देव मिश्रा (आयुर्वेद) एवं डॉ. सौरभ आनंद मिश्रा (होम्योपैथी) सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव आशीष ताम्रकार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष विष्णु दत्त चतुर्वेदी द्वारा किया गया। शिविर में लगभग 250 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। इस दौरान समिति के सदस्य विवेक बुंदेला, परशुराम पटेल, निरपत सिंह राजपूत, कपिल सेठ, विश्वनाथ नायक, मूरत सिंह यादव, वंदना तिवारी एवं अंजना साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शाहनगर सहित जिले भर से सैकड़ों समर्थक भोपाल पहुंचे, संजय नागायच ने संभाला पदभार



**पन्ना।** जिले के पूर्व जिला सहकारी अध्यक्ष संजय नागायच को करीब 14 वर्षों बाद भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा बड़ी जिम्मेदारी सौंपे जाने पर पूरे पन्ना जिले में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को शाहनगर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में समर्थक भोपाल पहुंचे और अपने नेता के प्रति समर्थन एवं सम्मान प्रकट किया। भोपाल स्थित भाजपा कार्यालय में समर्थकों ने पहुंचकर संजय नागायच के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। "संजय नागायच जिंदाबाद" और "भाजपा जिंदाबाद" के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इसके बाद समर्थकों ने एक भव्य जुलूस निकाला, जिसमें संजय नागायच बग्घी पर सवार होकर वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्यालय पहुंचे। जुलूस के दौरान जगह-जगह उनका स्वागत किया गया और समर्थकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्यालय पहुंचकर संजय नागायच ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह ने तालियों और नारों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर को समर्थकों ने पन्ना जिले के लिए गौरव का क्षण बताया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र का विकास नई दिशा प्राप्त करेगा। इस दौरान गुनौर विधायक राजेश वर्मा सहित योगेंद्र चौबे, दिनेश तिवारी, अम्बिका सेठिया, दीपक परोहा, राजेंद्र चौबे, रजनीश उपाध्याय, रोहित गौतम, विनोद पाठक, मनीष तिवारी, कमलेश तिवारी, नीरज द्विवेदी, दीपु द्विवेदी, तरुण पाठक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। समर्थकों ने कहा कि संजय नागायच को मिली यह जिम्मेदारी उनके लंबे अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नागायच अपने कार्यकाल में संगठन और क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी समर्थकों ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया तथा आगामी समय में भी इसी तरह सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

## ऑपरेशन मुस्कान- पवई पुलिस की सक्रियता से नाबालिक बालिका गुड़गांव से सकुशल बरामद

**पवई।** जिले में गुमशुदा नाबालिकों की तलाश के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पवई पुलिस ने सराहनीय सफलता हासिल करते हुए 13 वर्षीय नाबालिक बालिका को हरियाणा के गुड़गांव से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई से एक परिवार को बड़ी राहत मिली है।जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को गुमशुदा बालक-बालिकाओं की शीघ्र तलाश कर उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में 26 अप्रैल 2026 को थाना पवई में एक फरियादी ने अपनी 13 वर्षीय नाबालिक पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की बात कही गई थी। मामले में थाना पवई में अपराध क्रमांक 140/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पवई श्री सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सतत पतारसी के आधार पर बालिका की लोकेशन हरियाणा के गुड़गांव में चिन्हित की। इसके बाद पुलिस टीम तत्काल गुड़गांव के लिए रवाना हुई और सघन प्रयासों के बाद बालिका को सकुशल बरामद कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई के पश्चात बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपनी बेटी के सुरक्षित लौटने पर परिजनों ने पवई पुलिस का आभार व्यक्त किया।



### उल्लेखनीय भूमिका-

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार, आरक्षक प्रेम प्रजापति, महिला आरक्षक विनती सिंह एवं साइबर सेल पन्ना की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस सफलता को क्षेत्र में सराहना मिल रही है।

### आरोपियों द्वारा युवक साथी को बंधक बनाकर किया युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

# सामूहिक दुष्कर्म एवं लूट की घटना का सूचना के 48 घण्टे के अंदर खुलासा कर 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाईकिल, 01 साईकिल, एवं लूटी हुई एक चाँदी की चौन, एक मोबाईल, एंव नगद 10 हजार रूपए मशरूका एवं कुल लगभग 2 लाख रूपए का मशरूका बरामद किया






**पन्ना।** देवेन्द्रनगर थाना अंतर्गत घटित गैंगरेप की घटना पर दिनांक 29.04.2026 को पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना देवेंद्रनगर में अपराध क्रमांक 206/2026 पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में धारा 115(2), 137(2), 70(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता एवं 5(जी)/6 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध सामूहिक बलात्कार का अपराध दर्ज कर गंभीरता से विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 309(6) भारतीय न्याय संहिता एवं 3(1)(ई), 3(2)(व), 3(2)(वा) एससी/एसटी एक्ट की धाराओं का समावेश किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चौहान एवं एसडीओपी पन्ना एस.पी. सिहं बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई । गठित पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के हुलिया के आधार पर आसपास के ग्रामों में संदिग्ध व्यक्तियों की सघन तलाश की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी क्रम में प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा बड़ागाँव बांध क्षेत्र में घेराबंदी कर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। संदेहियों से पूछताछ के दौरान आरोपियों से मेमोरेंडम कथन लिए गए, जिनमें उन्होंने अपराध करना स्वीकार किया तथा एक अन्य सह-अभियुक्त की जानकारी भी दी। तत्पश्चात चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया की आरोपी जंगल मे पहले से मौजूद थे जैसे ही युवक-युवती एकांत स्थान पर आये तो मौके का फायदा उठाकर युवक को बंधक बनाकर यवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है।,इस दौरान आरोपियों द्वारा दुष्कर्म करने का वीडियो भी बनाया गया साथ हि पीडिंता एवं उसके साथी से नगद रुपये एवं मोबाइल चॉदी की चौन छीन ले गये थे। जिसको पुलिस टीम द्वारा जप्त कर लिया गया है। गौरतलब बात तो यह है कि स्वयं इस घटना से जहां अपने आप सचेत तथा सुरक्षा को लेकर अपनी खुद की सुरक्षा वहीं अपने आप को किस तरह से समाज को ध्यान में रखकर राह तय करना चाहिए। यह घटना जो पुलिस को लेकर शांति तथा आरोप नहीं बल्कि स्वयं को किस तरह से जीवन की राह तय करना चाहिए। यह भी जरूरत है साथ ही दरिंदा कब और कैसे कहां मिल जाये यह कुछ कह पाना कठिन है। निश्चितौर पर कानून का भय दरिंदों में होना चाहिए जो इस घटना के बाद स्वयं ही दरिंदों को कहीं न कहीं कानून के माध्यम से जो सजा तय होगी यह घटना स्वयं ही इनके लिए सबक सिखायेगी। पुलिस घटना घटित होने के बाद जिस तरह से दरिंदों को गिरफतार करके जुलूस निकालकर समाज में इनकी दरिंदगी को पेश किया गया आखिरकार ऐसे आरोपियों को समाज अपने आप से जो कहीं न कहीं घ्रणा को लेकर जन्म तो होता ही है आगे इन्हें कानून सजा किस तरह से देगा यह तो यही जानेगें जो आगे आने वाले वक्त के साथ तय होगा। कानून का पालन कराये जाने को लेकर पुलिस अपना कार्य कर ही रही। वहीं यह जरूर है कि इस समय जरूरत है कि पुलिस कड़ाई से ऐसे लोगों को सबक सिखाये जो सायद दरिंदों के लिए जरूरी है।

### गिरफ्तार आरोपी-

1. श्रीपाल गडारी, पिता राम सनेही गडारी, उम्र 27 वर्ष
2. शनि पाल, पिता संतोष पाल, उम्र 23 वर्ष
3. राहुल जैसवाल, पिता शारदा प्रसाद जैसवाल, उम्र 27 वर्ष
4. हेतराम उर्फ हितु पटेल, पिता भुराइयां पटेल, उम्र 59 वर्ष सभी आरोपी निवासी बड़ागाँव (रेस्ट हाउस के पास) हैं।

### जप्त सामग्री -

उक्त आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन, एक लाल रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल, एक हीरो कंपनी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, एक साइकिल तथा पीड़िता से लूटा गया सामान (मोबाइल,चांदी की चेन एवं 10,000 नगदी) बरामद कर विधिवत जप्त किया गया है।

### सराहनीय योगदान-

थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी देवेंद्रनगर उप निरीक्षक संतोष सिंह यादव, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सोनम शर्मा, सहायक उप निरीक्षक बृजमोहन सिंह चंदेल, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी यादव, आरक्षक धीरेंद्र सिंह, शंकर प्रताप सिंह बुंदेला, सत्येंद्र बागड़ी, संतोष तोमर, बृजेंद्र रैकवार, अमित बागरी एवं रोहित बागरी एवं सायबर सेल पन्ना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सुदामा चरित्र से सीखा मित्रता का मर्म, परीक्षित मोक्ष और भगवान के गोलोक गमन पर छलकीं आंखें

**पवई।** ग्राम छिरहा स्थित श्रीकृष्ण कुंज में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन गुरूवार को कथा व्यास पं. डॉ. केशव मिश्र ने सुदामा चरित्र, राजा परीक्षित के मोक्ष और भगवान श्रीकृष्ण के गोलोक गमन का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। कथा के विश्राम दिवस पर हजारों श्रोताओ ने कथा का रस पान किया। कथा व्यास मिश्र ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के बचपन के मित्र सुदामा अत्यंत गरीब ब्राह्मण थे। पत्नी के कहने पर वे द्वारिकाधीश से मिलने पहुंचे। जहां द्वारपालों से मिलने से मना कर दिया बार-बार आग्रह करने के बाद सुदामा जी का संदेश श्रीकृष्ण को मिला उसी क्षण महल से दौड़ते हुए सुदामा-सुदामा रट लगाए मिलने आते है उन्होंने स्वयं अपने आंसुओं से सुदामा के पांव धोए। सुदामा जी घर लौट आए उन्होंने देखा कि उनकी टूटी झोपड़ी के स्थान पर सोने का



महल खड़ा है। यह प्रसंग सिखाता है कि भगवान भाव के भूखे हैं, वस्तु के नहीं। सच्ची मित्रता में अमीरी-गरीबी नहीं देखी जाती। राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि के श्राप के कारण सात दिन में तक्षक नाग के डसने से मृत्यु निश्चित थी। मृत्यु के भय से मुक्त होने के लिए उन्होंने शुकदेव जी से श्रीमद्भागवत कथा सुनी। सात दिनों तक लगातार कथा श्रवण से उनके सभी पाप नष्ट हो गए और अंत समय में उन्हें भगवान का स्मरण बना रहा। तक्षक के डसने पर भी वे विचलित नहीं हुए और मोक्ष को प्राप्त हुए। कथा व्यास ने कहा कि जो व्यक्ति जीवन के अंतिम समय में भगवान का नाम ले लेता है, उसका कल्याण निश्चित है। कथा के अंतिम प्रसंग में बताया गया कि यादव कुल के नाश के बाद भगवान श्रीकृष्ण प्रभास क्षेत्र में एक पीपल वृक्ष के नीचे विश्राम कर रहे थे। तब जरा नामक बहेलिए ने उनके चरण को मृग समझकर तीर चला दिया। भगवान ने उसे पिछले जन्म का स्मरण कराकर क्षमा किया और फिर अपना मानवीय शरीर त्यागकर सशरीर गोलोक धाम को प्रस्थान कर गए।

## महिला ने एक साथ तीन बच्चों को दिया जन्म, सात बच्चों की मां बनी कंचन



**पन्ना।** जिले की गुनौर तहसील अंतर्गत सलेहा क्षेत्र के ग्राम उजनेही से एक आश्चर्यजनक खबर सामने आई है। यहां 34 वर्षीय कंचन सोनी, पति रमेश सोनी ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। खास बात यह रही कि तीनों बच्चों का जन्म सामान्य प्रसव से हुआ और सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार, प्रसव पीड़ा होने पर परिजन कंचन सोनी को जिला अस्पताल पन्ना लेकर पहुंचे, जहां जांच के दौरान डॉक्टरों ने उनके गर्भ में तीन शिशु होने की पुष्टि की। स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया। सतना जिला अस्पताल में 26 अप्रैल की रात कंचन सोनी ने दो बेटों और एक बेटी को जन्म दिया। डॉक्टरों के अनुसार तीनों नवजातों का वजन 2 किलो से अधिक है और सभी स्वस्थ हैं। जच्चा भी पूरी तरह सुरक्षित है। बताया जा रहा है कि कंचन सोनी पहले से चार बच्चों की मां हैं, जिनकी उम्र 11, 9, 7 और 5 वर्ष है। अब तीन और बच्चों के जन्म के साथ ही परिवार में खुशियों का माहौल है और वह सात बच्चों की मां बन गई हैं। अस्पताल स्टाफ ने इसे सामान्य प्रसव से हुआ एक दुर्लभ और सफल मामला बताया है। वहीं परिजनों और ग्रामीणों ने इस खुशी के मौके पर एक-दूसरे को बधाइयां दीं।

## ट्रक ने मारी टक्कर किसान की मौत

**पन्ना।** जिले की पहाड़ी खेरा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम लोहार हाई के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल चालक को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें किसान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई घटना की सूचना पुलिस को दी गई पहाड़ी खेरा पुलिस चौकी के द्वारा संबंधित मृत की पड़ताल की गई जिसकी पहचान कालिंजर भरत कूप निवासी हनीफ अहमद उम्र 46 वर्ष के रूप में गई हनीफ अहमद मोटरसाइकिल से पहाड़ी खेड़ा की ओर आ रहा था इस दौरान ट्रक क्रमांकनच 41 बज 4039 द्वारा जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई थी मृतक पहाड़ी खेरा के पास में ठेका पर खेती लिए हुए था। तथा गल्ला जमा करने आ रहा था इस दौरान यह घटना घटित हुई घटना की सूचना पुलिस ने परिजनों को दी परिजन घटनास्थल पहुंचे तथा पीएम के लिए पन्ना लाया गया। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में तीन दिवसीय रीजनल स्पोर्ट्स मीट का भव्य समापन



**पन्ना।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में तीन दिवसीय रीजनल स्पोर्ट्स मीट 2026 के अंतर्गत बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीएफओ अनुपम शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त साधन भी है। उन्होंने कहा कि पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। प्राचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विद्याचरण चौरसिया ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा की बैठक एवं स्वागत समारोह संपन्न



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के ऊर्जावान , कर्मठ कार्यकर्ता नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप अवस्थी जी का प्रथम नगर आगमन हुआ ,प्रदीप अवस्थी जी विगत 10 वर्षों से लगातार पार्टी के विभिन्न दायित्वों में रह चुके है , संगठन की विचारधारा से जुड़े हुए है , प्रदीप अवस्थी जी का पार्टी कार्यालय में मोर्चों के पदाधिकारियों द्वारा उत्साह के साथ अभिनंदन किया गया , संगठन रीति नीति के अनुसार सबसे पहले दीप प्रज्जलन उपरांत भारत माता का मल्यार्पण किया गया , तत्पश्चात पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर तिलक करके माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप अवस्थी जी को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर मिठाई खिलाकर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया , प्रदीप अवस्थी जी द्वारा सभी पदाधिकारियों से व्यक्तिगत परिचय किया गया और भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चे के विषय पर प्रकाश डाला , मोर्चो के महत्वपूर्ण उद्देश्यों पर अपने विचार प्रकट किए तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर कार्य करने और संगठन की रीति नीति से अनुशासन में रहकर किसानों के हित में निर्णय लेने संबंधी निर्देश दिए गए , कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पदाधिकारियों में शैलेंद्र सिंह राजपूत , रूप सिंह यादव , महेंद्र यादव , राम भुवन मिश्रा ,प्रहलाद गौतम , राकेश कुमार सोनी , कमलेश पांडेय , शिव ॐ चनपुरिया , ऋतुराज सिंह , शंकर दयाल द्विवेदी , राम शिरोमणि मिश्रा , अंगद सिंह यादव ,आनंद लोधी, श्रीमती कमलेश राजे बुंदेला , श्रीमती अमृता खरे , राजकिशोर मिश्रा , मुकेश साहू एवं अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे , सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विषय प्रदीप अवस्थी जी से साझा किए और जमीनी स्तर पर पार्टी और कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया , कार्यक्रम के अंत में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री शिव ॐ चनपुरिया के द्वारा सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

# गेहूं खरीदी केन्द्रों में एफएक्यू क्वालिटी का नहीं रखा जा रहा ध्यान, परिवहन में देरी से भीगा हजारों मीट्रिक टन गेहूं

**छतरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है और उसके लिए जिले में 80 केन्द्र बनाए गये हैं। जिला मुख्यालय छतरपुर में ही चार केन्द्र बने हैं जिसमें से तीन केन्द्र मण्डी प्रांगण में और एक केन्द्र वेयर हाउस में संचालित हो रहा है। लेकिन वेयर हाउस में बगौता समिति का गेहूं खरीदा जा रहा है। गुरूवार को हुई वारिश ने प्रशासन की परिवहन व्यवस्था की पोल खोल दी है। क्योंकि परिवहन ठेकेदार और परिवहन के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से परिवहन में बिलंब किया जा रहा है। यही कारण है कि बगौता मण्डी का हजारों क्विटंल गेहूं खुले में पडे होने कारण भीग गया। मौसम विभाग द्वारा लगातार चेतावनी मौसम बिगडने की दी जा रही थी फिर भी परिवहन से जुडे ठेकेदार और अधिकारियों ने मौसम विभाग की चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया और स्थिति यह बनी कि खुले में रखी हुई हजारों बोरी गेहूं की भीग गईं। जो गेहूं तुल चुका है। और उसके भीगने से प्रशासन को नुकशान है, आखिर परिवहन ठेकेदार द्वारा गेहूं के परिवहन में क्यों लापरवाही बरती जा रही है। वारिश होने के बाद दूसरे दिन से ही बगौता मण्डी के गेहूं का परिवहन शुरू किया गया लेकिन गेहूं की बोरी गीली होने के कारण वेयर हाउस में उसके खराब होने की संभावना है। इसी तरह गौरगायं सोसाइटी का गेहूं भी खुले आसमान के नीचे रखा था। जो पानी में भीग गया, यहां तक गेहूं की बोरियों के नीचे पानी भर गया जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। भगवां घुवारा क्षेत्र में भी गेहूं के परिवहन की समस्या बनी हुई है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी जिला आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे का कहना है कि बोरियों की अल्टी-पल्टी कर दी जायेगी तो वह सूख जायेगा। और ठेकेदार को परिवहन गति बढाने के निर्देश दिये हैं। चूंकि परिवहन की जिम्मेदारी नान के अधिकारियों की होती है लेकिन नान में अधिकारी न होने के कारण परिवहन का प्रभार जिला आपूर्ति अधिकारी को सौंपा गया है। इसीलिए वह अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रहे हैं।

### पल्लेदारों के नाम पर लिये जा रहे 5 रूपये प्रति बोरी -

मण्डी परिसर में जो खरीदी केन्द्र बने हुए हैं उन खरीदी केन्द्रों में किसानों से 5



रूपये प्रति बोरी पल्लेदारों के नाम पर लिये जा रहे हैं। और गेहूं की तुलाई 50 किलो 700 ग्राम हो रही है जबकि शासन के निर्देश हैं कि 500 ग्राम अधिक लिया जा सकता है। मण्डी के किसी भी केन्द्र में एफएक्यू क्वालिटी का पालन नहीं किया जा रहा है। क्योंकि किसान की बोरियों से सीधे शासन की बोरियों में पल्टी कर दिया जाता है। छनाई पूरी तरह से बंद है। फिर ऐसे में एफक्यू क्वालिटी का पालन कैसे होगा। सेवा सहकारी समिति बगौता का केन्द्र वेयर हाउस में बनाया गया है। और यहां आज दिनांक तक 7051.5 क्विटंल गेहू की खरीदी हो चुकी है। जबकि परिवहन केवल 3790 क्विटंल का हुआ है। कम मात्रा में परिवहन होने से स्पष्ट है कि परिवहन में लापरवाही चल रही है। इसी तरह से सेवा सहकारी समिति मोरवा में अभी तक 5286 क्विंटल की खरीदी हुई। और परिवहन मात्र 2500 क्विंटल का हुआ। स्वामी विवेकानंद समिति में गेहूं की खरीदी 5248 क्विंटल हुई और परिवहन 4475 क्विंटल किया गया। सेवा सहकारी समिति गठेवरा में 4933.5 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई। जबकि परिवहन 3549.5 क्विटंल का हुआ। यही हाल जिले के अन्य खरीदी केन्द्रों का है।

खरीदी केन्द्रों में बारदाने की समस्या बनी हुई है कई खरीदी केन्द्रों के केन्द्र प्रभारियों ने बताया कि सुबह तक बारदाना उपलब्ध नहीं कराया जाता है। पुरानी बोरियां बारदाने के नाम पर उपलब्ध कराई गईं जो गेहूं भरने के बाद खड़ी करने पर फट रहीं हैं। ट्रकों में लोड होते समय तक और भी अधिक फट जायेगी।

## डोली उठने से पहले युवती की उठी अर्थी, मां बेटा घायल

**लवकुशनगर।** थाना लवकुशनगर के अंतर्गत रेत के अवैध ट्रेक्टर सड़कों पर मौत बनकर दौड रहे हैं। चंदला क्षेत्र के ग्राम अंधियारीवारी निवासी एक युवती की डोली उठने के पहले उसकी अर्थी उठ गई। क्योंकि गुरूवार की शाम को लवकुशनगर से अंधियारीवारी जाते समय रेत के अवैध ट्रेक्टर ने मढा और मुडेरी के बीच में बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार 19 वर्षीय ज्योति अहिरवार निवासी अंधियारीवारी की मौत हो गई। और उसकी मां गीता अहिरवार और भाई रविन्द्र अहिरवार घायल हो गये। टक्कर मारने के बाद ट्रेक्टर चालक वाहन लेकर भाग गया। इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया क्योंकि मृतिका ज्योति अहिरवार की शादी 12 मई को होनी थी और वह अपनी मां व भाई के साथ सोपिंग करके बाइक से वापस लौट रही थी। तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि गंभीर हालत में घायल रविन्द्र अहिरवार को ग्वालियर रिफर कर दिया गया है और मां जिला अस्पताल में भर्ती है। इस दर्दनाक हादसे में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ट्रेक्टर चालक की तलाश में जुटी हुई है पहले भी इसी स्थान पर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। और यह दुर्घटनाएं रेत के ट्रेक्टरों से होती हैं। लेकिन रेत के ट्रेक्टर लगातार चल रहे हैं।

अब यह जांच का विषय है कि ट्रेक्टर किसके संरक्षण में चल रहे हैं। इन्हें पुलिस का संरक्षण है या खनिज विभाग के अधिकारियों का। वैसे चर्चा यह है कि रेत के अवैध ट्रेक्टरों से पुलिस का महीना बंधा हुआ है और खनिज विभाग के अधिकारी भी इन ट्रेक्टरों से वसूली करते हैं। जबकि इन ट्रेक्टरों का पंजीयन केवल कृषि कार्य के लिए होता है फिर यह अवैध धंधा करके सड़कों पर यमदूत बनकर कैसे दौड़ रहे हैं। क्या रेत माफियाओं के सामने प्रशासन का कानून बोना साबित हो चुका है। यदि ऐसा नहीं है तो फिर विशेष अभियान चलाकर इन रेत के ट्रेक्टरों पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। कार्यवाही न होने के कारण स्पष्ट है कि कहीं न कहीं पुलिस और खनिज का संरक्षण इन रेत माफियाओं को है। अगर यह ट्रेक्टर यमदूत बनकर न दौड रहा होता तो शायद शादी से पहले युवती की अर्थी नहीं उठती।

## शादी समारोह में हादसाः छत से गिरकर जीजा की मौत




**छतरपुर।** जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के धवार गांव में शादी समारोह की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब ससुराल आए एक युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान जितेंद्र अहिरवार (30) निवासी ग्राम पिरपा थाना गढ़ीमलहरा के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, जितेंद्र शुक्रवार को अपनी ससुराल में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। रात करीब 8 बजे उन्होंने भोजन किया और मौसम खराब होने तथा बिजली न होने के कारण छत पर सोने चले गए। सुबह जब परिजन उठे तो वह छत के नीचे गिरे हुए मिले।

परिजनों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई और शादी का माहौल गम में बदल गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## सरेराह मारपीट का वीडियो वायरल, मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप

छतरपुर।

शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। छतरपुर-सागर रोड स्थित एक शराब दुकान के पास सरेराह मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि मामूली विवाद अचानक हिंसक हो गया और कई लोगों ने मिलकर एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने के बजाय वीडियो बनाना ज्यादा जरूरी समझा, जिससे हमलावरों के हौसले बुलंद नजर आए। यह घटना शहर में बढ़ती भीड़ मानसिकता और कानून के प्रति डर की कमी को उजागर करती है।

वायरल वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आम नागरिकों का कहना है कि यदि इस तरह की घटनाएं खुलेआम होती रहीं, तो शहर में असुरक्षा का माहौल गहराता जाएगा। हालांकि इस मामले में पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना समाज में बढ़ती असहिष्णुता और हिंसक प्रवृत्ति की गंभीर तस्वीर भी पेश करती है।

### नाती पर दादा ने लगाए जमीन हड़पने के आरोप

## बुजुर्ग आईसीयू में भर्ती, परिजनों ने की कार्रवाई की मांग



**छतरपुर।** जिले में जमीन विवाद से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें 90 वर्षीय बुजुर्ग को कथित तौर पर बहाने से घर से ले जाकर जमीन अपने नाम कराने का आरोप लगा है। मामला सटई थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 रतनपुरा मोहल्ले का है। जानकारी के अनुसार, 26 मार्च को बुजुर्ग लल्ले पाल को उनका नाती रामकुमार और भतीजा हरि पाल दवा दिलाने के बहाने छतरपुर ले गए। यहां तहसील में करीब डेढ़ एकड़ जमीन अपने नाम करवा ली गई।

बुजुर्ग के पुत्र दीनदयाल पाल ने आरोप लगाया है कि उनके पिता को नशीली दवाएं खिलाई गईं, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह पहले उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अब उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और वे आईसीयू में उपचाररत हैं।परिजनों का कहना है कि इस मामले की शिकायत थाना, एसपी कार्यालय और कलेक्टर तक की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने पुलिस पर लेन-देन के आरोप भी लगाए हैं। मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है और बुजुर्ग के बयान भी दर्ज किए जा चुके हैं। परिजन दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नाबालिग बच्ची को भगाने का आरोप, कार्रवाई न होने पर परिजनों ने एसपी से लगाई गुहार

**छतरपुर।** जिले के बक्सवाहा थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग बच्ची को दो युवकों द्वारा जबरन घर से भगा ले जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित बच्ची की मां ने आरोप लगाया कि लखन लोधी और हल्लू पटेल नाम के युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं।

परिजनों के अनुसार घटना के बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। परिजन रविवार से लगातार थाने के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों के नाम स्पष्ट रूप से बताने के बावजूद पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी नहीं कर रही है, जिससे परिवार बेहद परेशान और चिंतित है। न्याय की आस में परिजन आज छतरपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और गुहार लगाई कि उनकी नाबालिग बेटी को सकुशल बरामद कर उन्हें सौंपा जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## शादी के बाद ससुराल पक्ष का खौफनाक चेहराः दामाद को बंधक बनाकर पीटा

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में मानवता को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवक ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक छतरपुर से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने न केवल उसे बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा और जातिसूचक गालियाँ दीं, बल्कि उसकी पत्नी को भी जबरन अगवा कर ले गए।

### क्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सागर जिले के शाहगढ़ निवासी भूपेंद्र आठिया (26 वर्ष) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 19 नवंबर 2025 को पार्वती पटेल के साथ हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुई थी। विवाद की शुरुआत तब हुई जब 25 अप्रैल 2026 को यह जोड़ा अपनी शादी का रजिस्ट्रेशन कराने सागर



आया था। आरोप है कि इसी दौरान पीड़ित के ससुर सुखदीन पटेल ने उन्हें फोन कर घर बुलाया। 27 अप्रैल को ससुर के घर पहुँचने के बाद, उन्हें भीमकुंड घूमने के बहाने ले जाया गया।भूपेंद्र का आरोप है कि 29 अप्रैल को भीमकुंड के पास जंगल में उसके ससुर, सास, साले पवन और अरविंद पटेल, चाचा बल्लू पटेल और दो अन्य अज्ञात लोगों ने उसे और उसकी पत्नी को घेर लिया। आरोपियों ने भूपेंद्र के हाथ-पैर बाँध दिए और कई घंटों तक उसकी बेरहमी से पिटाई की। क्रूरता की हदें पार करते हुए आरोपियों ने उसके चेहरे पर पेशाब किया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया। शिकायत के मुताबिक, जब सड़क से गुजर रहे एक वाहन को देखकर आरोपी घबराए, तो वे भूपेंद्र की पत्नी पार्वती को जान से मारने की धमकी देते हुए जबरन अपने साथ ले गए। जाते-जाते आरोपी पीड़ित के बैग से 20,000 रुपये नकद और एक सैमसंग मोबाइल भी छीन ले गए।पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर रात भर जंगल में छिपा रहा और अगली सुबह ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुँचा। पीड़ित का कहना है कि वह अनुसूचित जाति (से संबंध रखता है, इसलिए उसके साथ यह अमानवीय व्यवहार किया गया। उसने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उसकी पत्नी को ससुराल वालों के चंगुल से छुड़ाया जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज की जाए।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध क्लीनिक संचालित करने पर की गई कार्रवाई

# क्लीनिक को सील कर दवाइयाँ की गईं जप्त



**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा रीवा और मऊगंज जिले में अवैध क्लीनिक संचालित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत नईगढ़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ग्राम इटहा कला में संचालित निजी क्लीनिक वोपी विश्वास अवैध रूप से संचालित पाई गई। क्लीनिक में अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा मरीजों का उपचार किया जा रहा था। क्लीनिक से विभिन्न प्रकार की एलोपैथिक दवाएं, इंजेक्शन, मेडिकल उपकरण एवं अपूर्ण अभिलेख जब्त किए गए हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पाए जाने पर क्लीनिक को सील कर दिया गया है और क्लीनिक संचालक के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। सीएमएचओ ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं, क्लीनिक, डिस्पेंसरी, झोला छाप के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में संचालित संदिग्ध क्लीनिकों पर आकस्मिक छापामार कार्रवाई की जा रही है। गंगेव ब्लॉक में संचालित मित्र डेन्टल क्लीनिक डॉ. जावेद मुश्ताक मन्सूरी व डॉ प्रशांत तिवारी डेंटल क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें निरीक्षण के दौरान वैध दस्तावेज पाए गए लेकिन मेडिकल बायोवेस्ट का सही निस्तारण न होने के कारण उनको भी अंतिम चेतावनी देते हुए सुधार के निर्देश दिए गए।

सीएमएचओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध चिकित्सा गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे संस्थानों के विरुद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि वे केवल पंजीकृत एवं अधिकृत चिकित्सकों से ही उपचार कराएं तथा किसी भी संदिग्ध क्लीनिक की सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें। अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. के बी गौतम जिला स्वास्थ्य अधिकारी, ऋतुराज पाठक खंड चिकित्सा अधिकारी नईगढ़ी, ऋषिराज गौतम उप जिला मीडिया अधिकारी, प्रभारी लिपिक मनोज तिवारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि मरीजों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बिना वैध लाइसेंस एवं पंजीयन के स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने वालों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संजय गांधी अस्पताल के मरीज सुपर स्पेशलिटी में जांच कराने को मजबूर कबाड़ हो रही करोड़ों की मशीनें, मरीजों को नहीं मिल पा रही सुविधा

**रीवा।** श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय की नई व्यवस्था से एमआरआई जांच सुविधा चरमरा गई है। संजय गांधी अस्पताल के मरीजों को एमआरआई जांच कराने के लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भेजा जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन के निर्देश पर यह व्यवस्था बनी है। नतीजन नई व्यवस्था से मरीजों की जांच समय पर नहीं हो पा रही। कई मरीजों को तो एक से दो महीने वेंटिंग है। इसके अलावा, संजय गांधी अस्पताल के गंभीर मरीजों को सुपर स्पेशलिटी तक जांच कराने जाने में दिक्कत हो रही है। तो वहीं, दूसरी तरफ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की एमआरआई मशीन का बोझ बढ़ गया है, जिससे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के ही भर्ती और ओपीडी मरीजों की जांच समय पर नहीं हो पा रही है। अस्पताल में पिछले चार महीने से यह व्यवस्था बनी हुई है, जिससे मरीजों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि विगत 21 मार्च को कॉलेज में सामान्य सभा को बैठक हुई थी। इस बैठक में उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला और रीवा सांसद जर्नादन मिश्र के संज्ञान में मामला आया तो उन्होंने तत्काल इस व्यवस्था को बदलने के निर्देश दिए और पहले की तरह संजय गांधी अस्पताल के मरीजों की एमआरआई कराने के लिए कहा। इस पर भी महाविद्यालय प्रशासन के कान में जूं नहीं रेंगी। विशेष सिफारिश और बेहद




गंभीर स्थिति में ही भर्ती मरीजों को उसी दिन एमआरआई हो पा रही है। जबकि शेष मरीजों को दो दिन, चार दिन या एक से दो महीने बाद भी जांच के लिए बुलाया जा रहा है।एमआरआई मशीन में नहीं हो पा रहा सुधारसुपर स्पेशलिटी अस्पताल में लगभग 13 करोड़ की लागत से एमआरआई मशीन की स्थापना जुलाई 2025 में हुई थी। जबकि मशीन का संचालन अक्टूबर 2025 से आरंभ हुआ। उसके बाद से मशीन लगभग तीन बार खराब हो चुकी है। अभी बीते सप्ताह भी मशीन में खराबी आई थी. जिसके चलते हफ्तेभर जांच सेवा प्रभावित रही। अब विगत मंगलवार से फिर मशीन ने काम करना शुरू कर दिया है।संजय गांधी अस्पताल में पानी के लिए तरस रहे मरीजरीवा। शहर के सबसे बड़े संजय गांधी अस्पताल में इस भीषण गर्मी के दौरान अव्यवस्थाओं की पोल खुल गई है। यहां भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भी तरसना पड़ रहा है। अस्पताल के तीसरी और चौथी मंजिल के वार्डों में पानी की व्यवस्था पूरी तरह ठप है,बसंजय जिससे अटेंडर को पानी लेने के लिए बार-बार ग्राउंड फ्लोर तक भागना पड़ रहा है। अस्पताल की ऊपरी मंजिलों पर लगे वाटर कूलर महीनों से खराब पड़े है।। कई जगह तो नल से बूंद भर पानी नहीं टपक रहा। भीषण गर्मी में मरीजों और परिजनों को पास बुझाने के लिए 3-4 मंजिल सीढ़ियां चढ़नी पड़ रही हैं। बीमार मरीज को अकेला छोड़कर पर पानी के लिए भटक रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि दिन में तो किसी तरह जुगाड़ हो जाता है, लेकिन रात के समय ग्राउंड फ्लोर तक जाना जान जोखिम में डालने जैसा है। मजबूरी में कई परिजन बाहर से महंगी पानी की बोतलें खरीद कर पीने को मजबूर हो रहे हैं। गरीब मरीजों के लिए यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन गया है। मरीजों के परिजनों ने बताया कि लगातार शिकायतों के बाद भी अस्पताल प्रबंधन सथ लेने को तैयार नहीं है। पूछने पर सिर्फ तकनीकी खराबी और जल्द समाधान का रटा रटाया जवाब मिलता है। सवाल यह है कि जब सबसे बड़े अस्पताल में पानी जैसी बुनियादी सुविधा नहीं मिलेगी तो आम आदमी कहां जाए? प्रबंधन की इस लापरवाही से मरीजों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है

## एमपी ट्रांसको के टेस्टिंग विंग में स्वदेशी 'आराताई' एप का उपयोग हुआ अनिवार्य



**रीवा ।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में एक अप्रैल से मध्यप्रदेश में परीक्षण एवं संचार (टेस्टिंग) विंग के अंतर्गत सभी आधिकारिक संदेशों के संचार के लिए व्हाट्सएप का उपयोग पूर्णतः बंद कर दिया गया है। मुख्य अभियंता राजीव अग्रवाल की पहल एवं निर्देश पर मध्यप्रदेश के सभी 417 सबस्टेशनों सहित संभागीय एवं वृत स्तर के साथ-साथ मुख्य अभियंता कार्यालय के व्हाट्सएप ग्रुपों को स्वदेशी 'आराताई' एप पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस व्यवस्था के तहत अब व्हाट्सएप ग्रुप अथवा व्यक्तिगत व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से की गई किसी भी प्रकार की सूचना या संवाद को मान्य नहीं माना जाएगा। यहां तक कि व्हाट्सएप के माध्यम से की जाने वाली रिपोर्टिंग को भी "रिपोर्ट न करने" की श्रेणी में रखा जाएगा।

**सैन्य बलों में भर्ती के लिए मिलेगा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण**

## पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए शुरू हुई शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना

**रीवा ।**

मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा युवाओं को सैन्य और सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए तैयार करने के लिए महत्वाकांक्षी पहल शुरू की गई है। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि जिले में शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना 2026 का आगाज किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान युवक-युवतियों को थल सेना, पुलिस, होमगार्ड और निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस योजना के तहत रीवा जिले से कुल 200 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा, जिनमें 100 बालक और 100 बालिकाएं शामिल होंगी। यह पूरी तरह से एक आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसकी अवधि 45 दिन निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को न केवल शारीरिक दक्षता के लिए तैयार किया जाएगा, बल्कि उन्हें सैद्धांतिक विषयों का भी गहन ज्ञान दिया जाएगा। शारीरिक प्रशिक्षण के अंतर्गत अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन सुबह और शाम तीन घंटे रनिंग, ऊँची-कूद, गोला फेंक और भाला फेंक जैसी गतिविधियाँ कराई जाएंगी। वहीं, सैद्धांतिक सत्रों में प्रतिदिन चार घंटे सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति, गणित, कंप्यूटर और अंग्रेजी जैसे विषयों की कक्षाएं संचालित होंगी। योजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें शामिल होने वाले प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क भोजन, आवास और शिक्षण सामग्री के साथ-साथ प्रशिक्षण अवधि में शिष्यवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। चयनित पात्र पुरुष अभ्यर्थियों को 1000 रुपये प्रति माह और महिला अभ्यर्थियों को 1100 रुपये प्रति माह की दर से शिष्यवृत्ति सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान की जाएगी। सहायक संचालक ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने के लिए कुछ अनिवार्य पात्रता शर्तें रखी गई हैं, जिसमें आवेदक का मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना और न्यूनतम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही, आवेदक के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमीलेयर) का जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। शारीरिक मानकों में पुरुषों के लिए न्यूनतम ऊंचाई 168 सेमी और महिलाओं के लिए 155 सेमी तय की गई है। अभ्यर्थियों का चयन कक्षा 12वीं के अंकों की वरीयता और शारीरिक दक्षता परीक्षण के आधार पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट अथवा विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी इस योजना का लाभ उठाने के लिए आगामी 11 मई तक आवेदन कर सकते हैं, जिसके तुरंत बाद 12 मई से प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया जाएगा। सहायक संचालक ने जिले के सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं रजिस्ट्रार से अपील की है कि वे अपनी संस्थाओं में अध्ययनरत अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को इस योजना से जोड़ें ताकि वे देश की सुरक्षा सेवाओं में अपना करियर बना सकें।

## शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा ।**

शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं और 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी सूचना के अनुसार इन कक्षाओं में अनुसूचित जाति और अन्य बीपीएल कार्डधारी, सामान्य, पिछड़ा एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इस प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन पत्र विद्यालय से ही प्राप्त किए जा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र प्राप्त करने और उन्हें जमा करने का कार्य 20 जून तक कर सकते हैं। कक्षा 7वीं, 8वीं और 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 23 जून को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा, जिसमें प्राप्त अंकों की मेरिट लिस्ट के आधार पर चयन होगा। वहीं कक्षा 11वीं के विभिन्न संकायों जैसे गणित, जीव विज्ञान और वाणिज्य में प्रवेश के लिए कक्षा 10वीं में प्राप्त अंकों के आधार पर पृथक-पृथक मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। प्रवेश के लिए अनिवार्य शर्त यह है कि छात्र या छात्रा ने पिछली कक्षा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बिना किसी गैप के बी ग्रेड अथवा प्रथम श्रेणी में (60 प्रतिशत से ऊपर अंकों) के साथ उत्तीर्ण की हो।

## बीच सड़क अधेड़ से मारपीट, नशे में धुत युवकों ने रोका रास्ता, घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। यहां कुछ नशे में धुत युवकों ने एक अधेड़ व्यक्ति का रास्ता रोककर बीच सड़क पर उसके साथ मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना कोतवाली क्षेत्र स्थित श्रम कल्याण कार्यालय के समीप की बताई जा रही है। पीड़ित की पहचान रानी तालाब निवासी कलीम अंसारी के रूप में हुई है। बताया गया है कि कलीम अंसारी अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि सभी आरोपी युवक नशे की हालत में थे और उन्होंने उससे जबरन पैसे की मांग की। जब कलीम अंसारी ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपियों ने विवाद शुरू कर दिया और देखते ही देखते बीच सड़क पर उसके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने के बजाय घटना का वीडियो बनाना अधिक उचित समझा।वायरल हो रहे वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि किस तरह युवक बेखौफ होकर अधेड़ के साथ मारपीट कर रहे हैं। घटना के बाद पीड़ित ने सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित का यह भी कहना है कि आरोपियों द्वारा पूर्व में भी इस तरह की हरकतें की जा चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल, पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बरहुला गांव के अमृत कुंड में होगा जल संरक्षण का कार्य, जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

**रीवा ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बरहुला के सीगो टोला अंतर्गत पिपरहिया में प्राकृतिक जल स्रोत से निर्मित अमृत कुंड में जल संरक्षण का कार्य किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने कार्य स्थल का भ्रमण किया तथा निर्देश दिए कि अमृत कुण्ड का जीर्णोद्धार व साफ-सफाई कर इसे जल संरक्षण के योग्य निर्मित किया जाए ताकि प्राकृतिक जल का संचय हो सके। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामों में जल स्रोत की सफाई व उसकी मरम्मत का कार्य





प्राथमिकता से कराया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीणजनों से संवाद करते हुए कहा कि जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य में सभी सहभागी बनें और इसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव व जीआरएस को निर्देश दिए कि अमृत कुण्ड में जल संचय का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराएं। इस अवसर पर जनपद के सीईओ, एपीओ तथा उपयंत्री तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसी क्रम में रामनई के महादेव तालाब में साफ-सफाई कार्य कराने के निर्देश पीओ नरेगा शिव सोनी द्वारा भ्रमण के दौरान दिए गए। उन्होंने रामनई स्कूल में वाटर हार्वेस्टिंग कार्य प्रारंभ कराने का लेआउट अपने समक्ष करवाया। रामनई के महादेव तालाब में मेगा प्लांटेशन कार्य के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया तथा पौधारोपण कार्य की पूर्व व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए गए।

## सेमरा पुल पर भीषण सड़क हादसाः तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को रौंदा, तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत

**बकस्वाहा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरा पुल पर गुरुवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसे में तीन युवकों की अकाल मृत्यु हो गई। सागर से शाहगढ़ की ओर जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को सामने से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीसरे की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।



### मौके पर ही थम गईं दो जिंदगी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक पर सवार राम मिलन सौर (22 वर्ष) निवासी राजा बिलहरा खुरखी और विशाल सौर (21 वर्ष) निवासी पापेट छानबीला (जिला सागर) की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल गोविंद सौर निवासी बरखेरी सागर को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया, लेकिन घाव गहरे होने के कारण उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### पुलिस ने बस को लिया कब्जे में

घटना की सूचना मिलते ही बकस्वाहा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के उपरांत शव शोकाकुल परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गढ़ीमलहरा में भीषण सड़क हादसा, अनियंत्रित ट्रक ने पिता-पुत्र को कुचला; दोनों की मौत



**छतरपुर।** छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को बेरहमी से कुचल दिया। हादसे में तीन वर्षीय मासूम और उसके पिता की मौत हो गई है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम गनेशपुरा निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र यादव अपने 3 साल के पुत्र तनिश यादव को इलाज दिलाने के लिए बाइक से गढ़ीमलहरा आए थे। जैसे ही वे गढ़ीमलहरा बस स्टैंड के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और उन्हें कुचल दिया। हादसे के तत्काल बाद राहगीरों की मदद से दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। यहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत 3 वर्षीय तनिश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल जितेंद्र सिंह यादव को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रोमा वार्ड में भर्ती किया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आरोपी ट्रक को जब्त कर लिया है। जिला अस्पताल में दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## कमिश्नर 8 मई को करेंगे सड़क निर्माण की समीक्षा

**रीवा ।** कमिश्नर बीएस जामोद 8 मई को कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे सड़क निर्माण की समीक्षा करेंगे। बैठक में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा एनएचएआई द्वारा बनाई जा रही सड़कों की समीक्षा की जाएगी।

## शासकी पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में प्रवेश प्रारंभ

**पन्ना।** संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी ऑनलाइन काउंसलिंग समय-सारणी (वर्ष 2026-27) के अनुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, पन्ना में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। प्रथम चरण के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 04 मई 2026 से 29 मई 2026 तक संचालित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी इस अवधि में पंजीयन कर अपनी पसंदीदा संस्थाओं एवं पाठ्यक्रमों का चयन कर सकते हैं। पंजीयन में सुधार (की सुविधा 30 मई 2026 से 31 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। इसके पश्चात मेरिट सूची जारी होने एवं सीट आवंटन की प्रक्रिया निर्धारित तिथियों के अनुसार पूर्ण की जाएगी। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के प्रभारी प्राचार्य श्री उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच संचालित हैं जिनमें प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी। द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया 09 जून 2026 से 18 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें पुनः पंजीयन, संशोधन एवं चॉइस फिलिंग का अवसर दिया जाएगा। संस्थागत स्तर की काउंसलिंग (ब्स्ब्) के माध्यम से रिक्त सीटों पर प्रवेश 04 जुलाई 2026 से 12 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि संस्थान में आधुनिक लैब, अनुभवी संकाय एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती है। क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वे समय-सीमा के भीतर आवेदन कर अपने भविष्य को नई दिशा दें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी तकनीकी शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट कजम.उचवदसपदम.हवअ.पद पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते हैं अथवा सीधे महाविद्यालय से कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

## अधिकारी-कर्मचारियों का जिलेवासी मकान गणना में करें सहयोग : कलेक्टर



**मऊगंज।** जनगणना महाअभियान के तहत मकान गणना का कार्य एक मई से शुरू हो गया है। यह 30 मई तक चलेगा, जिसमें मऊगंज जिले के अधिकारी, कर्मचारी जिलेवासियों के समक्ष पहुंचकर मकान गणना सहित 33 प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। सभी जिलेवासी अधिकारी, कर्मचारियों का सहयोग कर जनगणना के अंतर्गत मकानगणना में सहयोग करें और महाअभियान को सफल बनाएं। उक्त अपील कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय कुमार जैन ने जिलेवासियों से की है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा आगामी एक मई से 30 मई तक मध्यप्रदेश में भी जनगणना का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक सामान्य जानकारी एकत्र करेंगे। जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आंकलन करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सही और सटीक जानकारी देकर आप देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, साथ ही सतर्क रहकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा भी सुनिश्चित करें। इस दौरान जिले में 1107 प्रगणक एवं 187 सुपरवाइजर मकानगणना का कार्य करेंगे।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने कहा कि जनगणना के दौरान अधिकारी आपसे केवल सामान्य एवं आधारभूत जानकारी ही प्राप्त करेंगे, जैसे कि आपके मकान/भवन का प्रकार,परिवार में कुल सदस्यों की संख्या परिवार के मुखिया का नाम, नल कनेक्शन, बिजली कनेक्शन की उपलब्धता शौचालय एवं बाथरूम की स्थिति गैस कनेक्शन की जानकारी रेडियो, टीवी, केबल कनेक्शन जैसी सुविधाएं, साइकिल, मोटरसाइकिल या कार जैसी परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य खाद्यान्न, मोबाइल नंबर, इन जानकारियों का उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा। जनगणना के दौरान आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाता या वित्तीय जानकारी, किसी भी प्रकार का ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी कभी भी नहीं पूछी जाएगी, इसलिए नागरिक विशेष सतर्कता बरतें। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की जानकारी मांगता है, तो सावधान रहें और तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। जानकारी देने से पहले अधिकारी/कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य जांच लें। केवल अधिकृत सरकारी कर्मियों को ही जानकारी प्रदान करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## नईगढ़ी नगर परिषद में 11 करोड़ की पाइपलाइन योजना बनी मुसीबत, कछुआ गति से काम पर भड़के नगरवासी

**मऊगंज।** जिले के नगर परिषद नईगढ़ी में करोड़ों की पाइपलाइन योजना इन दिनों अव्यवस्था और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। सड़क निर्माण के दौरान पुरानी पाइपलाइन कई स्थानों पर फट जाने से जहां एक ओर पेयजल संकट गहराया, वहीं दूसरी ओर कई जगहों पर पानी लगातार फिजूल में बहता देखा जा रहा है।पाइपलाइन फूट जाने के कारण नगर के कई वार्डों में आज भी पानी की आपूर्ति बाधित है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीर नजर नहीं आ रहे।स्थिति को सुधारने के लिए करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से नई पाइपलाइन बिछाने का टेंडर तो जारी किया गया, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा ही पड़ा हुआ है। नगर के कई वार्डों में आधी-अधूरी पाइपलाइन डालकर काम बीच में ही छोड़ दिया गया है, जिससे सड़कों की हालत बद से बदतर हो गई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। जगह-जगह खुदाई कर सड़कों को क्षतिग्रस्त छोड़ दिया गया है, जिससे धूल, कीचड़ और जलभराव जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। वहीं नियमित पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, जिससे नगरवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।व्यापारियों का कहना है कि टूटी-फूटी सड़कों के कारण ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है, जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। नागरिकों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि पाइपलाइन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराया जाए और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तत्काल कराई जाए।

